झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

पत्र सं0–कार्य0का0सू0–17/2024–3569 /वि0स0।

प्रेषक,

सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा,राँची।

सेवा में,

मानननीय सदस्यगण, झारखण्ड विधान सभा,राँची।

माननीय मुख्यमंत्री ,झारखण्ड सरकार,राँची।

राँची,दिनांक–29/11/2024

विषयः– **षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के प्रथम सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम।**

महोदय/महोदया,

इस सचिवालय के पत्रांक–कार्य0का0सू0–17/2024–3568 /वि0स0,राँची,दिनांक–29 नवम्बर,2024 के क्रम में निदेशानुसार मैं, षष्ठम झारखण्ड विधान–सभा का प्रथम सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम की एक प्रति संलग्न कर रहा हूँ,जिसमें यह दर्शाया गया है कि उक्त सत्र तिथि–09 **दिसम्बर,2024** से 12 **दिसम्बर,2024** तक के अवधि में होनेवाली बैठकों में भिन्न– भिन्न कोटि के कार्यो के निष्पादन के लिए कौन–कौन सी तिथियाँ नियत की गई हैं:–

02. दिनांक–09 **दिसम्बर,2024** को निर्वाचित माननीय सदस्यों द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 के अधीन शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण होगा।

03. दिनांक–10 **दिसम्बर,2024** को झारखण्ड विधान–सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन के नियम 8(1) के अधीन झारखण्ड विधान–सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन होगा।

04. दिनांक–11 **दिसम्बर,2024** को 11.30 बजे पूर्वाह्न मेंभारत के संविधान के अनुच्छेद 176(1) के अधीन झारखण्ड विधान–सभा वेश्म् में माननीय राज्यपाल महोदय का अभिभाषण होगा तत्पश्चात् वित्तीय वर्ष–2024–25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन।

04. दिनांक–12 **दिसम्बर,2024** को माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उपस्थापन,वाद–विवाद,सरकार का उत्तर तथा मतदान तत्पश्चात् वित्तीय वर्ष–2024–25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर सामान्य वाद–विवाद, मतदान, तत्संबंधी विनियोग विधेयक का उपस्थापन एवं पारण।

05. यदि कार्यवश दिनांक –12 **दिसम्बर,2024** के पश्चात् भी सत्र चलाना आवश्यक प्रतीत हुआ तो भिन्न–भिन्न कार्यो के निपटारे के लिए भिन्न–भिन्न तिथियाँ नियत करते हुए एक अनुपूरक कार्यक्रम बाद में निर्गत किया जायेगा।

क्र0पृ0उ0

अतः अनुरोध है कि इस सचिवालय के द्वारा समय-समय पर प्रेषित कार्य-सूची सहित अन्य ऐसे कागजात जो आपके उपयोग एवं सत्रावधि में निदेश के लिए आवश्यक हो, उसे अपने साथ अवश्य लाने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन,

जावेद हैदर 29.11.2024

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

दुर्गा
29.11.24

भारत के संविधान के अधीन गठित षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के प्रथम सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

दिनांक 09.12.2024 (सोमवार)	1. झारखण्ड विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान।
दिनांक 10.12.2024 (मंगलवार)	1. झारखण्ड विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान (यदि हो)। 2. झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 8(1) के अधीन अध्यक्ष का निर्वाचन।
दिनांक 11.12.2024 (बुधवार)	1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 176(1) के अधीन 11.30 बजे पूर्वाह्न में झारखण्ड विधान सभा वेश्म में माननीय राज्यपाल का अभिभाषण। 2. वित्तीय वर्ष 2024—2025 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन।
दिनांक 12.12.2024 (गुरूवार)	1. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उपस्थापन, वाद—विवाद, सरकार का उत्तर तथा मतदान। 2. वित्तीय वर्ष 2024—2025 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर सामान्य वाद—विवाद, मतदान, तत्संबंधी विनियोग विधेयक का उपस्थापन एवं पारण।

———